समाहरणालय, मुजफ्फरपुर।

(जिला भूमि सुधार प्रशाखा)

****

अनापत्ति प्रमाण–पत्र

रामजी प्रसाद साहु मेमोरियल ट्रस्ट, साहु मार्केट, अटरडाह, थाना–काजी मोहम्मदपुर, पोस्ट–रमना, जिला–मुजफ्फरपुर के चेयरमैन, श्री राकेश कुमार के द्वारा प्रस्तावित आर०पी०एस० कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सीतामढी राड, झपहाँ, मुजफ्फरपुर में ए०एन०एम०, जी०एन०एम० एवं बी०एस०सी० नर्सिंग पाठ्यक्रम सचालन हेतु आवेदन पत्र के आलोक में भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, पूर्वी, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–556 दिनाक–23.09.2022 के द्वारा जॉचोपरांत प्रतिवेदित किया गया है कि अंचल–बोचहाँ, मौजा–झपहाँ, थाना नम्बर–994, खाता संख्या–864, खेसरा संख्या–8532, 8533 एवं खाता संख्या–1847, खेसरा संख्या–8539, 8679, रकवा–02 एकड, जिसकी चौहददी उ०–सुशीला देवी, द०–स्वयं, पू०–स्वयं, प०–एन.एच.–77 एवं रामभजन जमदार, जमाबंदीदार का नाम–रामदुलारी देवी, पति–रामजी साहु, जिसका जमाबंदी संख्या–5721 है।

उपरोक्त भू–स्वामी श्री रामदुलारी देवी, पति–स्व० रामजी साहु है। जिन्होंने उक्त भूमि को 30 वर्षो क लिए रामजी प्रसाद साहु मेमोरियल ट्रस्ट को आर०पी०एस० कॉलेज ऑफ नर्सिंग झपहाँ का संचालन हेतु लीज एग्रीमेंट बनाई है। उक्त प्रस्तावित भूमि का कुल रकवा–02एकड।ए०एन०एम०, जी०एन०एम० एवं बी०एस०सी० कॉलेज के निर्धारित मानक 1.5 एकड से अधिक है तथा इस पर दो G+3 भवन भी निर्मित है, जिसका रकवा दोनों पाठ्यक्रमों के संस्थान एवं छात्रावास चलाने हेतु आवश्यक रकवा के लिए पर्याप्त है। आवेदक ने शपथ–पत्र प्रस्तुत किया है कि उक्त भवन में कोई अन्य संस्थान नहीं चलाएंगे। स्थानीय स्तर पर संस्थान के विरूद्ध कोई अन्य प्रतिकुल कारण परिलक्षित नहीं हुआ। साथ ही आवेदक द्वारा शपथ–पत्र दिया गया है कि संस्थान के नाम मान्यता मिलने के उपरांत भूमि सम्परिवर्तन करा लिया जाएगा।

उक्त संस्थान के संचालन हेतु प्रस्तावित भूमि एवं भवन का अनापत्ति प्रमाण–पत्र उक्त ट्रस्ट के नाम निर्गत करने की अनुशंसा की गई है।

अतः भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, पूर्वी, मुजफ्फरपुर के अनुशंसा के आलोक में एवं आवेदक द्वारा दिए गए शपथ–पत्र के शर्त पर रामजी प्रसाद साहु मेमोरियल ट्रस्ट को आर०पी०एस० कॉलेज ऑफ नर्सिंग झपहाँ का संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत किया जाता है।

ह०/-
अपर समाहर्त्ता,
मुजफ्फरपुर।

ज्ञापांक 468 /भू०सु०मुज० दिनांक 23 / 1 /2023

प्रतिलिपिः– रामजी प्रसाद साहु मेमोरियल ट्रस्ट को आर०पी०एस० कॉलेज ऑफ नर्सिंग झपहाँ, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, पूर्वी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– समाहर्त्ता, मुजफ्फरपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः– निदेशक प्रमुख (नर्सिंग) स्वास्थ्य सेवाएँ बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/-
अपर समाहर्त्ता,
मुजफ्फरपुर।

Scanned with OKEN Scanner